

## एक नजर में



### यादव समाज की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** यादव अहीर महासभा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आराध्य देव भगवान श्री कृष्णा के जन्म उत्सव पर 16 अगस्त को यादव समाज जनों का भव्य चल समारोह आयोजित करेगा। चल समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रित करने के लिए समाज का प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाएगा। वहीं समाज की महिला मंडल द्वारा भव्य भगवान के पालना झूलन व नंद उत्सव के तहत भजन कीर्तन व सांस्कृतिक आयोजन किए जाने का निर्णय भी लिया है। बैठक के दौरान चल समारोह को लेकर समाज जनों से सुझाव लेकर की जाने वाली तैयारी की समीक्षा की गई। रविवार को नील गंगा स्थित शिप्रा गार्डन पर यादव अहीर महासभा के नगर अध्यक्ष नारायण यादव के अध्यक्षता में भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर निकलने वाले यादव अहीर समाज के चल समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने के पहले भगवान श्रीकृष्ण का पूजन कर आरती सभी समाज जनों द्वारा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित समाज जनों ने चल समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक के दौरान अशोक यादव, शेखर यादव, आरआर यादव, प्रेम सिंह यादव, कृष्णा यादव, जमना यादव, प्रतीश यादव, विजय सिंह यादव, गोपाल यादव रंग बावड़ी, सुरेंद्र यादव, डॉ. निश्चल यादव, शंकर सिंह यादव, काशी प्रसाद यादव, युवा संगठन के अध्यक्ष पवन यादव, नरेंद्र यादव, महिला मंडल की ओर से गीता यादव ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र से भी समाज के लोग मौजूद रहे। बैठक में समाज कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सदस्यों को दुपट्टा भेंटकर नगर अध्यक्ष नारायण यादव ने सम्मानित किया। बैठक का संचालन हरनाम सिंह यादव ने किया।



### स्थापना दिवस पर किया 105 पौधे रोपे

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 6 जुलाई को केन्द्रीय स्थापना दिवस के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था मर्यादित पंथपिपलई के केन्द्र राधोपिपल्या के प्रांगण में एक पेड़ मा के नाम पौधारोपण कार्यक्रम अंतर्गत 105 पौधो का रोपण किया गया। नगर निगम सभापति कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य व विशेष अतिथि शोभाराम मालवीय, रामसिंह जादौन, वीरेन्द्रसिंह आंजना, दीपक चौधरी, उपायुक्त सहकारिता उज्जैन के पाटनकर, भरतपुरी शाखा प्रबंधक राजेशसिंह कुशवाह, समिति प्रबंधक कैलाश मकवाना एवं ग्रामीणजन व सहकारी साथियों की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने अतिथियों के स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सभापति कलावती यादव ने कहा कि सहकारिता विभाग उज्जैन व जिला सहकारी संघ मर्यादित्त, उज्जैन द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर बहुत अच्छा व सराहनीय कार्य कर रहा है। उपायुक्त सहकारिता उज्जैन के के पाटनकर ने कहा कि सहकारिता आंदोलन जनजन तक पहुंचाने के साथ ही एक पेड़ मा को नाम अवसर पर जिले की समस्त सहकारी संस्थाओं में पौधारोपण किया जावेगा। संचालन करते हुए सहकारिता विभाग के अंकेक्षण अधिकारी संजीव शर्मा ने सहकारिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अंत में समिति सहायक जीवन शर्मा द्वारा आभार प्रकट किया गया।




### खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने श्रावण मास में श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हाईजेनिक खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये है। जिस पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर के आस पास स्थित रेस्टोरेंट, भोजनालय, होटल पर जांच की जा रही है। 6 जुलाई को दशभुजा भोजनालय, जैन भोजनालय, मां चामुण्डा भोजनालय, महाकाल रेस्टोरेंट एण्ड नमकीन भण्डार एवं श्री बडा गणेश भोजनालय की जांच की गई। महाकाल रेस्टोरेंट एण्ड नमकीन भण्डार से दही एवं श्री बड़ा गणेश भोजनालय से पनीर का नमूना लिया जाकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये एवं महाकाल रेस्टोरेंट एंड नमकीन भण्डार पर खाद्य पदार्थ खुले में रखे पाये जाने पर एवं स्वच्छता पर्याप्त नहीं होने पर कर्मचारियों द्वारा केप एपरिन नहीं पहनना, कर्मचारियों का मेडिकल नहीं पाये जाने, पेस्ट कंट्रोल, श्री बड़ा गणेश भोजनालय पर खाद्य पदार्थ का रखरखाव सही नहीं होना। खाद्य पदार्थ खुले में रखे पाये जाने पर एवं स्वच्छता पर्याप्त नहीं होने पर कर्मचारियों द्वारा केप एपरिन नहीं पहनना। कर्मचारियों का मेडिकल नहीं पाये जाने, पेस्ट कंट्रोल न पाये जाने से नोटिस जारी किये गये।

### पेंशनर्स की सदस्यता ग्रहण की



**उज्जैन।** प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन जिला उज्जैन द्वारा 6 जुलाई को आचार्य राघवकीर्ति सेवानिवृत्त शिक्षक के आवास पर पहुंचकर उनके सफल सेवानिवृत्ति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आचार्य राघवकीर्ति सेवानिवृत्त शिक्षक ने प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला उज्जैन की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ ही आपकी धर्मपत्नी श्रीमती मोहिनी उपाध्याय सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड- 3 ने भी संगठन की सदस्यता ग्रहण की। दोनों का सांगठनिक सम्मान पट्टिका (अंगवस्त्र) एवं मोतीमाला पहनाकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक दुबे एवं मंजुलता भाटी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने सदस्यता रसीद सौंपी। शमशेर सिंह तोमर उप प्रांताध्यक्ष ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की, आप दोनों के संगठन से जुड़ने से संगठन के विस्तार एवं गतिविधियों में बहुत ही हितकारी होगा। इस अवसर पर चंद्रशेखर जोशी जिला सचिव, प्यारेलाल पालीवाल जिला कोषाध्यक्ष, अशोक श्रीवास्तव, आनंदी मौर्य, शोभा पाठक, सुनीता उपाध्याय, सतीश आतुरकर, राजाराम चौधरी, समर्थ सिंह राठौर आदि पेंशनर्स ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है, कि आचार्य राघवकीर्ति वास्तु एवं ज्योतिष तथा आध्यात्मिक क्षेत्र के प्रख्यात जानकर है। आपके परिवार द्वारा दैनिक राघवकीर्ति समाचारपत्र का सफल संचालन एवं प्रकाशन किया जाता है। यह जानकारी डॉ. स्वामीनाथ पांडेय मीडिया प्रभारी द्वारा दी गई।

# ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में 2 माह से प्रवेश बंद, अब 10 जुलाई को खुलेगा

## यूडीए तेजी से कर रहा फ्लोरिंग कार्य, सावन से एक दिन पूर्व परिसर के निर्माण कार्य करना होंगे पूर्ण, कलेक्टर ने दिए आदेश





**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर के मंदिर में सावन माह की तैयारी प्रारंभ हो गई है। ओंकारेश्वर मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालुओं का प्रवेश दो माह से प्रतिबंधित किया गया है। जिसका बड़ा कारण है कि यहां पर फ्लोरिंग का निर्माण कार्य विकास प्राधिकरण द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिसे 10 जुलाई तक खत्म कर लिया जाएगा।**

नवभारत से चर्चा में उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि अलग-अलग प्रकार की टाइल्स और पत्थर लगाए जा रहे हैं टिकाऊ, मजबूत और गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जा रहा है। कोटा स्टोन से लेकर साउथ मार्बल व्हाइट मार्बल अन्य विभिन्न प्रकार के पत्थर ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में लगाए जा रहे हैं।



महाकाल के ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में कई सारे अन्य मंदिर भी है। जिसमें नवग्रह मंदिर सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, साक्षी गोपाल, हनुमान मंदिर, जल स्तंभ पर यहां दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का प्रवेश दो माह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। निर्माण कार्य किए जाने की वजह से श्रद्धालु अभी यहां प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। 10 जुलाई को जब विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्य समाप्त कर दिया जाएगा और 11 जुलाई से सावान प्रारंभ होगा ऐसे में यहां पर श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर बोले 10 जुलाई तक खत्म करो काम

उज्जैन कलेक्टर और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह रविवार को भी महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां पर उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी विकास प्राधिकरण से लेकर कंपनी को 10 जुलाई तक निर्माण कार्य खत्म करने के लिए निर्देश दिए हैं। बाबा महाकाल की सवारी 14 जुलाई को निकलेगी उसके पहले यहां पर समस्त व्यवस्थाएं की जाना है। इधर पुष्प दीप कंपनी द्वारा विकास प्राधिकरण से काम लेकर महाकाल मंदिर के ओंकारेश्वर परिसर में पत्थर टाइल्स, मार्बल, नालियों पर जालियां आदि लगाने का कार्य किया जा रहा है, नवभारत से चर्चा में कंपनी के सुपरवाइजर ने कहा कि 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 10 प्रतिशत कार्य बचा है उसके बाद फिनिशिंग वर्क कर दिया जाएगा, 10 जुलाई तक यह पूरा काम खत्म हो जाएगा। यूडीए के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि महाकाल मंदिर परिसर में मुख्य द्वार पर जहां चढ़ाव बना हुआ है। वहां से लगाकर पालकी मार्ग तक इतना मजबूत कार्य किया गया है कि यहां पर जेसीबी डंपर आदि चल रहे हैं। भविष्य में जब इस पाथवे पर कोई अन्य भारी वाहन निर्माण कार्य के चलते निकलेंगे तो पत्थर, टाइल्स, मार्बल, कोटा स्टोन खराब नहीं होगा।

### श्री हरि ने सौंपा श्री हर को सृष्टि का भार

भगवान श्री विष्णु ने बाबा महाकाल को सृष्टि का भार सौंप दिया है। भगवान श्री हरि 118 दिवस के लिए विश्राम के लिए गए हैं। 1 नवंबर को भगवान श्री हरि निद्रा से जागेंगे। तब हरिहर मिलन होगा। पंडित दिनेश त्रिवेदी ने नवभारत से चर्चा में बताया कि भगवान को ना कोई सुला सकता है, ना कोई उठा सकता है ना, मांगलिक कार्य कोई बंद कर सकता है बावजूद इसके यह एक धार्मिक और प्राचीन परंपरा है। जिसका निर्वाहन किया जा रहा है। भगवान श्री हरि ने देवशयनी एकादशी को सृष्टि का भार श्रीहरि यानी बाबा महाकाल को सोंपा है यहां पर लगातार श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन किया जा रहा है। सावन भादो में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगेगा, लगभग 50 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे।

# प्रतिबंधित मार्ग पर पहुंच घोड़ा, पुलिस को चलानी पड़ी लाठी

## मोहर्रम का जुलूस निकालने वाले आयोजकों पर प्रकरण दर्ज

**उज्जैन। शनिवार रविवार रात मोहर्रम पर्व का जुलूस निकाला जा रहा था। इस दौरान बेगम बाग क्षेत्र का घोड़ा लेकर निकल लोग प्रतिबंधित मार्ग पर से गुजरने का प्रयास करने लगे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बैरिकेट्स गिरा दिए गए। पुलिस को स्थिति नियंत्रण में करने के लिए लाठियां चलानी पड़ी। घोड़ा लेकर निकल आयोजकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।**

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मोहर्रम पर्व को लेकर पूर्व में ही आयोजन को के साथ बैठक आयोजित की गई थी और रूट तय किया गया था और समझाइश दी गयी थी कि निर्धारित मार्गो से ही जुलूस निकाला जायेगा। इस दौरान मोहर्रम समिति के पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्धारित किए गए मार्गों के अलावा अन्य मार्ग पर जुलूस निकालने पर आदेश का उल्लंघन किया गया था। जुलूस के दौरान हथियार प्रतिबंध किए गए थे और तय मार्ग से ही जुलूस निकालने की आयोजको ने सहमति प्रदान की थी। पुलिस ने सहमति के बाद सुरक्षा व्यवस्था के इंतजार किए थे और जुलूस मार्ग पर वाहनों को प्रतिबंधित किया गया था। बावजूद इसके रात में बेगम बाग क्षेत्र से घोड़ा लेकर निकले आयोजन निकास चौराहा पर प्रतिबंधित मार्ग की ओर जाने का प्रयास करने लगे। मार्ग को बैरिकेड लगाकर बंद किया गया था घोड़ा लेकर जा रहे लोगों ने बैरिकेड गिरा दिए। व्यवस्था में तैनात दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हल्का लाठी बल प्रयोग करना पड़ा। एसपी शर्मा के अनुसार बेगम बाग से जुलूस का आयोजन इरफान खान द्वारा किया गया था इसके खिलाफ जीवाजीगंज थाने में गलत दिशा में जाना, लोक सेवक के आदेश का पालन नहीं करने, लोक सेवक का काम रोकना सहित चार धाराएं 191,192, 132 और 128 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। जुलूस में शामिल अन्य लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है।

### मोहर्रम जुलूस में ऑटो चालक को तीन युवकों ने मारे चाकू

उज्जैन। रात में मोहर्रम जुलूस के दौरान युवक के साथ लूट की वारदात हो गई। बदमाशों ने चाकू भी मारे। युवक के घायल होने पर उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किए हैं। बेगमबाग कॉलोनी में रहने वाला तनवीर पिता जाहिद बैग ऑटो चलाता है। रात में मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था। जुलूस देखने के लिए तनवीर गोपाल मंदिर गया हुआ था। जहां रात 3 बजे उसे नीलगंगा क्षेत्र के रहने वाले समीर और उसके दो साथियों ने रोककर रुपयों की मांग की। तनवीर ने रुपए देने से मना कर दिया। समीर और उसके साथियों ने पहले तो गाली गलौच की फिर चाकू मारकर उसका पर्स छीन लिया। जिसमें कुछ रुपए रखे हुए थे। तीनों ने तनवीर का मोबाइल भी फोड़ दिया। चाकू लगने से तनवीर का चेहरा और अंगुली जख्मी हो गए थे। उसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पर्स छीनने और चाकू मारने वाले मौके से भाग निकले थे। मामले की सूचना खाराकुआं थाना पुलिस को मिलने पर घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची थी। समीर के हिरासत में आने पर उसके साथियों की जानकारी सामने आ पाएगी।

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी महामानव थे

## जनसंघ के संस्थापक की जयंती पर पुण्य स्मरण




**उज्जैन।** डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी महामानव थे उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में देश के लिए जो किया उसे हम आज सदियों तक याद कर रहे हैं 124 साल बाद भी यदि किसी मनुष्य को उसकी अच्छाई करने के लिए याद किया जाता है तो यह उसके जीवन के सदगुण है श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने पूरे जीवन में देश के लिए ही काम किया है।

यह बात भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जयंती समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा संगठन के प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहीं। आपने बताया 16 वीं शताब्दी से लेकर आजादी तक और आजादी के बाद भी भारत में संघर्ष कभी खत्म ही नहीं हुआ 18 वी सदी में स्वामी विवेकानंद हुए उन्होंने युवा पीढ़ी को जागृति का संदेश दिया इतना ही नहीं उन्होंने जब विदेश में अपना उद्बोधन दिया तो पूरे विदेश के लोग उनके पीछे चल दिए थे उन्होंने कहा था कि 21वी सदी भारत के युवाओं की होगी इसके बाद 6 जुलाई 1901 में पश्चिम बंगाल में एक बच्चे ने जन्म लिया बच्चा शुरू से ही प्रतिभावान था 30 वर्ष की उम्र में यह युवा होकर कोलकाता यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर बना और दो बार वाइस चांसलर बनने के बाद हिंदू महासभा के लिए चुनाव लड़कर आजादी के समय सांसद के रूप में भारत की संसद में गैर कांग्रेसी के रूप में सदस्य बन कर पहुंचा वह कोई और नहीं श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे उन्होंने परिस्थितियों से समझौता नहीं किया। उस समय कांग्रेस के नेताओं ने लियाकत समझौता किया तो उन्होंने तत्काल सरकार से इस्तीफा दे दिया और वह गुरु गोलवलकर जी से मिले और उन्होंने कहा मैं ऐसा राजनीतिक दल बनाना चाहता हूं जो राष्ट्र के लिए राष्ट्र के हित में काम करें फिर जनसंघ की स्थापना हुई।

### यह अतिथि रहे कार्यक्रम में उपस्थित

कार्यक्रम को संसदीय बोर्ड सदस्य सत्यनारायण जटिया, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने भी संबोधित कर डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, जगदीश अग्रवाल, वीरेंद्र कावड़िया, इकबालसिंह गांधी, विवेक जोशी, सोनू गहलोत, सत्यनारायण खोईवाल, जगदीश पांचाल, मुकेश यादव, आनन्दसिंह खींची, उमेश सेंगर, दिनेश जाटवा, राकेश पंड्या, अनिल शिंदे, प्रमिला यादव सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन जगदीश पांचाल ने किया। भाजपा नगर ने नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्रसिंह ने वार्ड 42 में अल्कापुरी कॉलोनी स्थित बगीचे में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पौधारोपण कर मनाई जयंती ।

# शासकीय विभाग में अटैक वाहन ने दो बाइक को मारी टक्कर

**उज्जैन। नीलकंठ द्वार के समीप प्रशासनिक अमले में अटैच वाहन अनियंत्रित हो गया। घटना में 2 दंपत्ति घायल हो गये हैं। चारों को चरक अस्पताल लाया गया था। पुलिस घायलों के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची थी।**

हाटकेश्वर हिल्स में रहने वाली घायल रजनी भार्गव ने बताया कि वह प्रतिदिन शाम की तरह पति धीरज भार्गव के साथ महाकाल दर्शन करने जा रही थी। उसी दौरान नीलकंठ द्वार के पास तेजी से प्रशासनिक अमले में अटैच एक वाहन तेजी से आया और सबसे पहले बेरिकेट्स को टक्कर मारी। बेरिकेट्स उनकी बाइक से आकर टकराया और पति के साथ घायल हो गई। घटना में जबरन कालोनी नीलगंगा में रहने वाली काजल पाल और उसका पति आकाश पाल भी घायल हुए है। उनके साथ 2 मासूम बच्चे थे, गनीमत रही की दोनों को चोंट नहीं आई। आकाश के हाथ में चोंट लगी थी, काजल को ज्यादा चोंट लगने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद भर्ती किया है। आकाश पाल का कहना था कि वह पत्नी और बच्चों के साथ गोपाल मंदिर जा रहा था उसी दौरान प्रशासनिक अमले में शामिल वाहन क्रमांक एमपी 13 टीए 437 ने टक्कर मारी। वाहन की नम्बर प्लेट का अंतिम नम्बर बेरिकेट्स से टकराने पर टूट कर गिर गया था, जो सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि शाम को प्रशासनिक अमला महाकाल सवारी मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचा था वाहन उसी में शामिल था। दुर्घटना में चार लोगों के घायल होने की सूचना अस्पताल के ड्यूटी कम्पाउंडर ने महाकाल थाना पुलिस को दी। एसआई विकास देवड़ा घायलों के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंचे थे। आकाश पाल की शिकायत पर मामले में वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### कम्प्रेशर मशीन में ब्लास्ट, दो युवक घायल

उज्जैन। पंचर की दुकान पर कम्प्रेशर मशीन में हुए ब्लास्ट से दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दुकान संचालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि सेंट थॉमस स्कूल के पास मां भद्रकाली पंचर की दुकान संदीप पिता शिवनारायण द्वारा संचालित की जाती है। उसकी दुकान पर रोहित पिता राजेश बैरागी निवासी वर्माजी का कुआ और अजय पिता सुरेश पाल निवासी मयंक परिसर बाइक का पंचर बनवाने पहुंचे थे। इस दौरान दुकान संचालक संदीप ने हवा भरने के लिए कम्प्रेशर मशीन चालू की। लेकिन ध्यान नहीं रखा जिसके चलते प्रेशर अधिक बनने से मशीन में ब्लास्ट हो गया। रोहित और अजय गंभीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने संदीप के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

**गुरुपूर्णिमा उत्सव** उज्जैन में रहेगी गुरु पर्व की धूम, पूर्णिमा धर्म को गति प्रदान करने वाली

# 10 जुलाई को गुरु आदित्य योग में मनेगी आषाढ़ मास की गुरु पूर्णिमा

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व के रूप में मनाई जाएगी। इस बार गुरु पूर्णिमा पर गुरु आदित्य योग का संयोग भी बन रहा है। जो कि इसे और भी खास बना देगा। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि इस दिन चंद्रमा धनु राशि में गोचर करेगा, जिसके स्वामी बृहस्पति हैं। यह स्थिति एक खास संयोग का निर्माण करेगी।**

पूर्णिमा धर्म और अध्यात्म को विशेष गति प्रदान करने वाली होती है। धर्म एवं शास्त्रों के अनुसार गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। इसलिए लोग इस दिन गुरु पूजन करते हैं। पाद पूजन करते हैं तथा गुरु से दीक्षा प्राप्त कर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। वर्ष में एक दिन यह गुरुओं के लिए समर्पित पर्व है। ऐसी भी मान्यता है कि इस दिन ली गई शिक्षा-दीक्षा आध्यात्मिक उन्नति में सहायक होती है। लोक परंपरा के अनुसार इस दिन नगर के कई घरों में भैरव पूजन भी किया जाएगा। इसलिए इसे भैरव पूर्णिमा भी कहा जाता है। आषाढ़ मास में भगवान भैरव की आराधना की जाती है। उज्जैन में अष्ट महाभैरव के मंदिर है जहां भैरव पूर्णिमा पर विशेष श्रृंगार, दर्शन-पूजन आदि अनुष्ठान होते हैं तथा श्रद्धालु भी दर्शन के लिए उमड़ते हैं।

### श्रावण की पहली कावड़ 11 जुलाई को, महाकाल को चढ़ाएंगे जल

इस बार श्रावण मास की पहली कावड़ यात्रा 11 जुलाई को उज्जैन में निकलेगी। यात्रा में शामिल कावड़िए ज्योतिर्लिंग महाकाल को जल चढ़ाकर अभिषेक करेंगे। समर्पण कावड़ यात्रा महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज के सानिध्य में निकाली जाएगी जो इंदौररोड स्थित त्रिवेणी संगम से जल लेकर शुरू होगी। यात्रा में हजारों कावड़िये शामिल होंगे। यात्रा में 5 हजार से अधिक पौधे यात्रियों को वितरित किये जाएंगे। उज्जैन में यात्रा की तैयारियों में जुटे राम भागवत ने बताया पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली यह कावड़ यात्रा इंदौररोड से नानाखेड़ा, सिंधी कॉलोनी चौराहा, नीलगंगा चौराहा, हरि फाटक ब्रिज होते हुए महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

### एकादशी से सोए देव, चातुर्मास शुरू

आषाढ़ शुक्ल की एकादशी से देव सो गए। इसके साथ ही चातुर्मास शुरू हो गया। शुभ व मांगलिक कार्य भी बंद हो गए। देवताओं के सोने के कारण ही इस एकादशी को देवशयनी एकादशी भी कहते है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि भगवान इसी एकादशी से विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और फिर सृष्टि का कार्यभार शिवजी संभालते हैं। चातुर्मास का समय भक्ति, साधना और सेवा का होता है। देवताओं के सोने के कारण ही इस अवधि में कोई मुहूर्त नहीं होते और शुभ व मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। इस बार देव उठनी एकादशी 1 नवंबर 2025 को आ रही है। इस दिन भगवान विष्णु पुनः योग निद्रा से जागेंगे।

### मां शिप्रा तैराक दल को वितरित की टी शर्ट

**उज्जैन।** सावन-भादौ में महाकाल की सवारियों में क्षिप्रा के घाट पर सेवा देने वाले मां शिप्रा तैराक दल के सदस्यों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश भार्गव द्वारा टी शर्ट वितरित की तथा तैराक दल के कार्यों की सराहना की। मां शिप्रा तैराक दल द्वारा सवारियों के दौरान विशेष सेवाएं दी जाती हैं। ताकि शिप्रा नदी व घाटों पर किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश भार्गव द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम पर तैराक दल सचिव संतोष सोलंकी, तेजा कहार, दीपक कहार, कमल कहार, जितेंद्र कहार, रूपसिंह कहार, पप्पू कहार, राकेश गोंड, अशोक कहार, छोटू कहार, दिनेश कहार आदि सदस्यो को टी शर्ट वितरित की गई तथा तैराक दल के कार्यों की सराहना की।